# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 09/4/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सोनपुर के अन्तर्गत Widening and Strengthening work from Km. 0.00 to 7.30 Km. of Sutihar-Katsa Road for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–24.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–246 दिनांक–24.01.2026 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–786(अनु०) दिनांक–27.02.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–26.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening work from Km. 0.00 to 7.30 Km. of Sutihar-Katsa Road for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, सोनपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2945.72 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–8304(एस०) दिनांक–05.10.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2535.16 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–3496 दिनांक–20.11.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹2415.16660 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 (Twelve) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |

2.9 निविदा प्राप्ति की तिथि : 24.12.2025

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा नहीं है।

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 07 (सात) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Shivshankar Kaushik Infrastructure Pvt. Ltd.
(2) M/s Maa Rajeshwari Construction Pvt. Ltd.
(3) M/s Sunny Contractors and Engineers Pvt. Ltd.
(4) M/s Sunny Engineering Works
(5) Abhay-Avinash "JV"
(6) Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd.
(7) Espan Infrastructure Limited

4. उपभागीय ज्ञापांक–246 दिनांक–24.01.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–24.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त निविदा के तकनीकी बीड में पाँच निविदाकार यथा (1) M/s Shivshankar Kaushik Infrastructure Pvt. Ltd. (2) M/s Sunny Contractors and Engineers Pvt. Ltd. (3)/M/s Sunny Engineering Works (4) Abhay-Avinash "JV" एवं (5) Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष दो निविदाकार (1) M/s Maa Rajeshwari Construction Pvt. Ltd. को SBD के ITB-Cl. 16 एवं ITB-Cl.4.7 के आलोक में तथा (2) Espan Infrastructure Limited को SBD के ITB-Cl.4.5A(a), ITB-Cl.4.7 एवं ITB-Cl.4.5B(c) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया था। साथ ही विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में सफल निविदाकार Sunny Contractors & Engineers Pvt. Ltd. के पत्रांक–958 दिनांक–28.01.2026 एवं असफल निविदाकार Espan Infrastructure Limited का पत्रांक–EIL/Tendering/2025/0835 दिनांक–28.01.2026 द्वारा परिवाद अवधि में परिवाद/अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–246 दिनांक–24.01.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–24.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा Sunny Contractors & Engineers Pvt. Ltd. के पत्रांक–958 दिनांक–28.01.2026 द्वारा सफल निविदाकार यथा (1) Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. (2) Shivshankar Kaushik Infrastructure Pvt. Ltd. एवं (3) Abha-Avinash "JV" के विरूद्ध एवं निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Espan Infrastructure Limited के EIL/Tendering/2025/0835 दिनांक–28.01.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–786(अनु०) दिनांक–27.02.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–26.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है, जो परिवाद की सार एवं समीक्षा निम्नवत् है:–

| परिवाद | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|
| **(1) Sunny Contractors & Engineers Pvt. Ltd. से प्राप्त परिवाद–**<br>उपर्युक्त विषयक कार्य हेतु आमंत्रित निविदा का दिनांक–24.01.2026 को ज्ञापांक–246 दिनांक–24.01.2026 के द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन किया गया, जो हमारे मेल पर दिनांक–27.01.2026 को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में हमारे द्वारा निम्नलिखित निविदाकारों के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया जा रहा है, जो इस प्रकार हैः–<br>**Mahesh Kumar Singh Pvt. Ltd.**<br>**I.** The Power of Attorney submitted by the bidder does not have date of execution i.e. on which date, POA has been prepared, is not mentioned on it. On the contrary, POA has been notarized by the bidder from the Notary Public and date of affidavit mentioned on the POA is 26.03.2025 Since it is only in the shape of Affidavit, the validity of the Affidavit is only for six months as per Law. In this case, the POA has expired on 25.09.2025 and not valid as | उक्त परिवाद के आलोक में उपभागीय पत्रांक–271(अनु०) दिनांक–30.01.2026 द्वारा संवेदक के पक्ष की माँग की गयी। तद्‌लोक में Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–02.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "स्पष्ट करना चाहता हूँ कि POA बिल्कुल विधि सम्मत् से तैयार किया गया है, शपथ–पत्र की वैधता तब तक की जबतक कोई दूसरा शपथ–पत्र शपथकर्त्ता द्वारा नहीं दिया जाता है। जहाँ तक परिवादी द्वारा यह आरोप लगाया है कि शपथ–पत्र की अवधि 06 माह होती है, जो विधिसम्मत् सही नहीं है, जिसकी पुष्टि Stamp Act. में लिखित निम्न तथ्य से स्वतः स्पष्ट हो जाता है कि– "In India, an affidavit does not have a legally fixed expiration date or universal validity period, remaining valid as long as the facts stated within it remain true and unchanged."<br>**समीक्षाः–** इस निविदा में Power of Attorney हेतु छः माह के अन्दर का Affidavit देने का शर्त्त प्रावधानित नहीं है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |
| | **2.** जहाँ तक परिवादी द्वारा द्वितीय आरोप का प्रश्न है, जिसमें यह कहा गया है कि दिनांक–17.12.2025 को बी०एन०डब्ल्यू कॉलेज घाट बड़हिया से मराची भाया महारानी स्थान से संबंधित निविदा में मुझे कुछ वैधानिक | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | |
|---|---|---|
| on the date of tender.<br><br>The meeting of Technical Evaluation committed dated 17.12.2025 for "Construction of road from BNNW College Ghat Barahia (Dist.-Lakhisarai) to Maranchi (Dist.-Patna) via Maharani Sthan, Panchmala, Nauranga (Dumra) Total Length 10 Km.)" is attached herewith in which the bidder has been disqualified on some legal points which is self explanatory and needs to be enquired into with respect to this tender.<br><br>The Proprietorship Business of M/s Mahesh Kumar Singh (Proprietorship Firm) has been taken over by Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. and a Take Over Agreement dated 08.12.2024 has been executed in between the above parties to effect the consequences of take over.<br><br>After Take over of business, the existence of the proprietorship firm cease to exist. However over inspection on GST Portal, it has revealed that the GST returns are being filed | बिन्दुओं के आधार पर छाँटा गया था, के क्रम मे कहना है कि कृपया 17.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही का अवलोकन करना चाहेंगे, जिसके से स्पष्ट होगा कि मेरे द्वारा वर्णित कार्य के निविदा में कार्य के Work Programme के नाम के जगह पर दूसरे कार्य का नाम भूलवश Upload हो गया था एवं उक्त कार्य के समाप्ति की तिथि 15 माह है, जबकि विषयांकित कार्य की निविदा में तिथि 12 माह है, को आधार बनाया गया था। साथ ही साथ deed of Takeover of Proprietorship firm by Pvt. Ltd. में हस्ताक्षर से संबंधित था। उक्त के आलोक में निविदा को रद्द किया गया था, जो कि इस निविदा से कोई संबंध नहीं है।<br><br>**समीक्षाः**– प्राप्त परिवाद के समीक्षोपरान्त् पाया गया कि निविदा में Uploaded Deed of Takeover of Proprietorship, M/s Mahesh Kumar Singh by the Company Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. में 1st Party M/s Mahesh Kumar Singh के लिए Proprietor Mahesh Kumar Singh Pvt. Ltd. का हस्ताक्षर है तथा 2nd Party Mahesh Kumar Singh Pvt. Ltd. के लिए Company के One of the first directors, Pranay Kumar Singh (Mahesh Kumar Singh के पुत्र) द्वारा हस्क्षारित है, परन्तु उक्त दोनों हस्ताक्षर के लिये Stamp एक ही हैं, जो Director Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. के लिए है, परन्तु Deed of Takeover पर Proprietorship Firm के owner Mahesh Kumar Singh एवं Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. | |

| | | |
|---|---|---|
| regularly by the M/s Mahesh Kumar Singh and all GST return up to December-2025 is up to date i.e. GST return for the month of DEC-2025 has been filed on 21.01.2026 which is contrary to the law after business being taken over. | Ltd. के One of the first Directors Pranay Kumar Singh का हस्ताक्षर है। निविदाकार अन्य अर्हत्ताओं को पूरा करते हैं तथा Deed of Takeover पर भी दोनों पक्षों का हस्ताक्षर है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। | |
| | **3.** जहाँ तक परिवाद के तृतीय आरोप का प्रश्न है, जिसमें कहा गया है कि मेसर्स महेश कुमार सिंह जो पूर्व में Proprietorship Firm था, उसे दिनांक–08.12.2024 को महेश कुमार सिंह कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि० के तौर पर Takeover किया गया, परन्तु इस संबंध में स्पष्ट करना चाहता हूँ कि GST Return M/s Mahesh Kumar Singh के नाम से सिर्फ उन्हीं कार्यों के लिए किया गया है, जो पुराना कार्य चल रहा था एवं M/s Mahesh Kumar Singh के नाम से ही आवंटित था।<br>ज्ञातव्य हो कि M/s Mahesh Kumar Singh का Conversion Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. में करने के उपरान्त मेरे द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा को मैंने अपने पत्रांक–शून्य दिनांक–23.05.2025 को इस आशय का सूचना दिया गया था, जिसके आलोक में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा द्वारा अपने पत्रांक–1416 दिनांक–24.05.2025 के द्वारा संयुक्त सचिव (प्र०को०)–सह–नोडल पदाधिकारी CFMS पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को CFMS-2.0 प्रणाली में नया फर्म Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. के नाम से Payee ID Generate करने हेतु कार्रवाई का अनुरोध किया गया था। | महेश कुमार सिंह कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि० द्वारा महेश कुमार सिंह (Proprietorship) का Take over with all assets & Liabilities दिनांक–08.12.2024 को किया गया है, जिसमें महेश कुमार सिंह का Asset & Liability CA द्वारा सत्यापित है। महेश कुमार सिंह द्वारा द्वारा इसकी सूचना कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा को दी गई है, जिसके आलोक में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा के पत्रांक–1416 दिनांक–24.05.2025 द्वारा संयुक्त सचिव (प्र०को०)–सह –नोडल पदाधिकारी CFMS, पथ निर्माण विभाग, पटना को महेश कुमार सिंह कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि० के नाम से Payee ID Generate करने के लिए अनुरोध किया गया है। वर्त्तमान में पथ प्रमंडल, दरभंगा के अन्तर्गत Widening & Strengthening PWD LN Mishra Road के कार्य का |

| | | |
|---|---|---|
| | इससे यह स्पष्ट है कि उक्त शिकायत का कोई आधार नहीं है, मात्र परिवादी अपने निजी स्वार्थ में मनगढ़ंत आरोप/परिवाद देकर लगाया गया है, जो न्यायोचित नहीं है।<br>**समीक्षाः–** Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. पूर्व में Proprietorship Firm Mahesh Kumar Singh जिसे Pvt. Ltd. में 08.12.2024 को सभी Asset & Liabilities के साथ Takeover किया गया हैः–<br>Mahesh Kumar Singh<br>Dept Reg. No.-1190041-11.06.2019 से 10.06.2024<br>GST No.-AXWPS3977M<br>PAN-10AXWPS3977M3ZG<br>Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd.<br>Dept. Reg. No.-1250002-09.01.2025 से 08.01.2030<br>GST No.-AASCM5417C-07.12.2024<br>PAN-10AASCM5417C1ZS-25.09.2024<br>वर्त्तमान में पथ प्रमंडल, दरभंगा के अन्तर्गत Widening and Strengthening of PWD LN Mishra Road के कार्य Agreement No.-03SDB/13.06.2024 एवं अन्य कार्य में Proprietor के तहत् तथा पथ प्रमंडल, मुजफ्फरपुर संख्या–01 अन्तर्गत PR of Muzaffarpur-Pusa Road के कार्य Agreement No.-22SBD/25.07.2025 में Pvt. Ltd. के तहत् कार्य किया जा रहा है। विपत्र का भुगतान भी दोनों यथा Firm/Pvt. Ltd. में किया जा रहा है।<br>Financial year ended 31.03.2025 का Trading and Profit & Loss Account | भुगतान Proprietorship Mahesh Kumar Singh को ही किया जा रहा है।<br>इस परिस्थिति में Mahesh Kumar Singh (Proprietorship) का GST Active रहने के आधार पर इन्हें तकनीकी बीड में असफल नहीं किया जा सकता है।<br>परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | Company Takeover के बाद भी Proprietor Mahesh Kumar Singh के नाम से बनाया गया है। Takeover दिनांक–08.12.2024 को किया गया, जबकि Firm से सम्बद्ध GST एवं PAN को निविदा की तिथि दिनांक–24.12. 2025 के बाद भी प्रयोग में लाया जा रहा है एवं GST Active है।<br>उक्त के आलोक में इनके विरूद्ध प्राप्त परिवाद को मान्य किया जाता है। | |
| **II. Shivshankar Kaushik Infrastructure Pvt. Ltd.**<br>Case No.-CWJC No.-17683/2023 is still pending before the Honob'le High Court of Judicature at Patna as on the date of bid submission which has not been disclosed by the bidder in his litigation history which amounts to disqualification. | उक्त परिवाद के आलोक में उपभागीय पत्रांक–271(अनु०) दिनांक–30.01.2026 द्वारा संवेदक के पक्ष की माँग की गयी। तदालोक में में Shivshankar Kaushik Infrastructure Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–01.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "We are in receipt of your letter dated 271 dated 28.01.2026, whereby we have been provided with a copy of the letter no.-958 dated 28.01.2026 submitted by Sunny Contractors and Engineers Pvt. Ltd. In the said letter an objection has been raised that CWJC No.-17683/2023 filed by Shivshankar Kaushik Infrastructure Pvt. Ltd. was pending before Hon'ble Patna High Court at the time of submission of bid under NIT No.-06/2025-26/RCD, Road Division, Sonepur and this fact was not disclosed in the bid format.<br>In this context it is submitted that we were selected by Bihar State Mining Corporation Limited as sub-contractors for operation of Cluster 37 Khangaon (Bahiraya) Sand Ghat in the district of | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | |
|---|---|---|
| | Bhojpur. We had been carrying on mining activity in accordance with law however vide letter no.-360 dated 03.03.2023 issued by Managing Director, Bihar State Mining Corporation Limited a penalty of Rs. 96,97,705/- was levied upon us for allegedly excavating 90060 cubic feet sand from beyond the permissible area.<br>We had filed CWJC No.-17683/2023 before Hon'ble Patna High Court seeking quashing of letter no.-360 dated 03.03.2023 issued by the Managing Director, Bihar State Mining Corporation Limited."<br>**समीक्षाः**– इनके विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर समीक्षोपरान्त पाया गया कि CWJC No.-17683/2023 निविदा की तिथि को न्यायादेश पारित नहीं हुआ था, निविदा की अंतिम तिथि 24.12.2025 के बाद 27.01.2026 को न्यायादेश पारित किया गया है। लंबित वाद को Litigation History में दर्शाया जाना चाहिए था।<br>फलस्वरूप परिवाद मान्य है। | |
| **III. Abhay-Avinash "JV"**<br>The Bidder has participated in the tender for the work namely "Widening & Strengthening of NH-107 Chethariyapeer Chowk to Champanagar via Kumhartola, Jangali, Jagni Road from Ch. 0.00 to 7.653 (Total Length-7.653 Km.) for | उक्त परिवाद के आलोक में उपभागीय पत्रांक–271(अनु०) दिनांक–30.01.2026 द्वारा संवेदक के पक्ष की माँग की गयी। तदालोक में Abhay-Avinash "JV" के पत्रांक–शून्य दिनांक–02.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "परिवाद में यह आरोप लगाया गया है कि "Widening and Strengthening of NH-107 Chethariyapeer Chowk to Champanagar via Kumhartola, Jangaili, Jagni Road from Ch. 0.00 to 7.653 (Total | समीक्षोपरान्त् पाया गया कि Abhay-Avinash "JV" द्वारा निविदा में समर्पित Bank Certificate SBD के विहित प्रपत्र में है। Bank द्वारा Bank Certificate पर अलग से Subject to approval अंकित किया गया है। विभागीय पत्रांक–2152(E)We दिनांक–03.04.2013 में प्रावधानित है कि |

| | | |
|---|---|---|
| the year 2025-26 under Road Division, Purnea" which is not present in his bid already submitted list.<br>The Bank Certificate Submitted by Abhya Construction and Avinash Kumar is conditional because 'Subject to Approval' work has been specifically hand written by the Bank Officials beside the Stamp affixed of ICICI Bank which is enclosed for ready reference. Hence, it is conditional. | Length-7.653 Km.) under Rod Division, Purnea for the year 2025-26 कार्य हमारी पहले से सबमिट की गई बीड/वर्क लिस्ट में शामिल नहीं है।<br>इस संबंध में निवेदन है कि :–<br>1. उक्त कार्य की वित्तीय बीड दिनांक–19.12.2025 को ही खोल दी गई थी तथा उक्त कार्य का L1 M/s HS Mehta Infra Private Limited फर्म के पक्ष में निर्धारित हो चुका है, जिसका प्रमाण Price Bid Comparison Sheet से स्पष्ट है।<br>2. हम (Abhay-Avinash "JV") द्वारा जिस नई निविदा में भाग लिया गया है (जिसपर वर्त्तमान परिवाद है), वह दिनांक–24.12.2025 को सबमिट की गई है, अर्थात् उक्त Widening and Strengthening of NH-107 Chetariyapeer Chowk to Champanagar via Kumhartola, Jangaili, Jagni Road from Ch. 0.00 to 7.653 (Total Length-7.653 Km.) under Road Division, Purnea for the year 2025-26 कार्य की वित्तीय बीड खुलने के पश्चात् बीड खुलने के पश्चात् बीड सबमिट की गई है। अतः उक्त कार्य को हमारी "पहले से सबमिट की गई बीड/वर्क लिस्ट" में दर्शाने का कोई नियमात्मक या संविदात्मक दायित्व नहीं बनता। इस प्रकार परिवाद का यह आरोप तथ्यहीन एवं समयक्रम (Chronology) के विपरीत है।<br>**समीक्षाः–** Abhay-Avinash "JV" द्वारा वर्त्तमान निविदा में भाग लिया गया है वह दिनांक–24.12.2025 को Submit की गई है, परन्तु परिवाद में अंकित कार्य की निविदा का निष्पादन आज तक नहीं हुआ था। इन्होंने इस | यदि किसी संवेदक के पास कार्य क्षमता हो तो Bank से Credit Facility के Conditional के होने के आधार पर असफल नहीं किया जा सकता। अतः Abhay-Avinash "JV" के विरूद्ध प्राप्त परिवाद को अमान्य करते हुए इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रकार निविदा में Bid Already submitted से संबंधित सूचना अंकित नहीं किया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य है।<br>बिन्दु–2 – बैंक सर्टिफिकेट को "Conditional" बताया जाने के संबंध में–<br>परिवाद में यह कहा गया है कि हमारे द्वारा प्रस्तुत ICICI Bank का Bank Certificate "Conditional" है, क्योंकि उस पर "Subject to Approval" लिखा गया है।<br>इस संबंध में निवेदन है कि निविदा दस्तावेज Clause 4.2(i) of ITB में दिए गए Sample Format for Evidence of Access to Credit Facilities में स्पष्ट रूप से लिखा है। जिससे यह स्पष्ट है कि बैंक सर्टिफिकेट कार्य आवंटन (Award of Work) पर आधारित होता है।<br>हमार द्वारा प्रस्तुत ICICI Bank का सर्टिफिकेट उक्त सैंपल फॉर्मेट के पूर्णतः अनुरूप है, जिसमें कार्य का नाम, टेंडर आई०डी०, वर्ष, क्रेडिट लिमिट (Rs. 2.42 करोड़) बैंक का मुहर एवं हस्ताक्षर सभी स्पष्ट रूप से अंकित है।<br>3. "Subject to Approval" बैंक की आंतरिक स्वीकृति प्रक्रिया को दर्शाने वाला एक सामान्य बैंकिंग शब्द है, जो न तो सर्टिफिकेट को अमान्य बनाता है औ न हीं ITB की किसी शर्त्त का उल्लंघन करता है।<br>4. बैंक सर्टिफिकेट में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि क्रेडिट सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी अथवा सर्टिफिकेट अमान्य है। अतः बैंक सर्टिफिकेट को "Conditional" बताकर आपत्तिजनक ठहराना नियमों की गलत व्याख्या पर आधारित है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | **निष्कर्ष**:– उपरोक्त तथ्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर स्पष्ट है कि परविाद का प्रथम बिन्दु समयक्रम एवं तथ्यों के आधार पर निराधार है। परिवाद का द्वितीय बिन्दु ITB-Clause 4.2(i) एवं मान्य बैंकिंग प्रथा के अनुरूप नहीं है।<br>अतः निवेदन है कि Sunny Contractors & Engineers Pvt. Ltd. द्वारा दायर परिवाद को तथ्यहीन मानते हुए निरस्त करने की कृपा की जाय तथा निविदा की आगे की प्रक्रिया नियमसम्मत् रूप से जारी रखी जाय।<br>**समीक्षा**:– निविदाकार Abhay-Avinash "JV" के द्वारा निविदा में Uploaded Bank Certificate SBD में दिये गये Format के अनुरूप है, परन्तु Subject to Approval अंकित करना SBD के Format के अनुरूप नहीं है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य है। | |
| **(2) Espan Infrastructure Limited से प्राप्त परिवाद**:–<br>This is with reference to the observation raised under Point 4 (ii) regarding non-submission of the required documents: We would like to respectfully submit that Espan Infrastructure Limited has already uploaded the required documents pertaining to the Annual Turnover (ATO) and Bank Credit Facility Certificate on the tender portal within the | **समीक्षा**:– निविदाकार Espan Infrastructure Limited के द्वारा Uploaded Annual Turnover (ATO) एवं संबंधित Balance Sheet में Civil Contract का जिक्र नहीं है। इनके द्वारा Uploaded Bank Credit Facility Certificate SBD में दिये गये Format के अनुरूप नहीं है एवं कार्य का नाम भी अंकित नहीं है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | |
|---|---|---|
| stipulated time. Strictly in accordance with the tender requirements and prescribed format.<br>Therefore, the observation mentioned under Point 4(ii) appears to be inadvertent. We kindly request you to re-verify the uploaded ATO and Bank Credit Facility documents on the portal and reconsider the said observation accordingly. Moreover, in the interest of transparency and healthy competition, if any document is found deficient or requires further clarification, the same may kindly be sought from the respective bidders, including us, to ensure fair participation.<br>For your ready reference and to avoid any ambiguity, we are once again enclosing the same documents related to Annual Turnover (ATO) and Bank Credit Facility Certificate along with this letter.<br>We assure you that we have fully complied with all tender conditions and remain available for any further clarification or requirement, | | |

| | | |
|---|---|---|
| if deemed necessary,<br>We request your kind consideration of our objection and necessary correction at your end. | | |

6. <u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–</u>

उक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक–24.01.2026 को लिये गये निर्णय को संशोधित करते हुए सात निविदाकारों में से दो निविदाकार यथा (1) M/s Sunny Contractors and Engineers Pvt. Ltd. एवं (2) M/s Sunny Engineering Works को तकनीकी बीड में सफल तथा शेष पाँच निविदाकार यथा (1) M/s Maa Rajeshwari Construction Pvt. Ltd. को SBD के ITB-Cl. 16 एवं ITB-Cl.4.7 के आलोक में तथा (2) Espan Infrastructure Limited को SBD के ITB-Cl.4.5A(a), ITB-Cl.4.7 एवं ITB-Cl.4.5B(c) के आलोक में (3) M/s Shivshankar Kaushik Infrastructure Pvt. Ltd. (4) Abhay-Avinash "JV" तथा (5) Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. को निविदा में Misleading & False Representation देने के कारण SBD के ITB-Cl. 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती हैं।

7. <u>परिवाद समिति का निर्णय</u> :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा **Sunny Contractors & Engineers Pvt. Ltd.** के पत्रांक–958 दिनांक–28.01.2026 द्वारा **Shivshankar Kaushik Infrastructure Pvt. Ltd.** के विरूद्ध दिए गए परिवाद को मान्य करते हुए **M/s Shivshankar Kaushik Infrastructure Pvt. Ltd.** को निविदा में **Misleading & False Representation** देने के कारण **SBD** के **ITB-Cl. 4.8** के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

(ii) **Sunny Contractor and Engineers Pvt. Ltd.** के पत्रांक–958 दिनांक–28.01.2026 द्वारा **Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd.** के विरूद्ध दिए गए परिवाद को अमान्य करते हुए इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

(iii) निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा **Espan Infrastructure Limited** के **EIL/Tendering/2025/0835** दिनांक–28.01.2026 द्वारा दिए गए परिवाद को अमान्य करते हुए इन्हें **SBD** के **ITB-Cl.4.5A(a), 4.7, 4.5B(c)** के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

(iv) **Maa Rajeshwari Construction Pvt. Ltd.** को **SBD** के **ITB-Cl. 16** एवं **ITB-Cl.4.7** के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

(v) **Abhay-Avinash "JV"** के विरूद्ध प्राप्त परिवाद को अमान्य करते हुए इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

(vi) इस प्रकार इस निविदा में चार निविदाकार यथा **(1) M/s Sunny Contractors and Engineers Pvt. Ltd. (2) M/s Sunny Engineering Works (3) Abhay-Avinash "JV"** एवं **(4) Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd.** को तकनीकी बीड में सफल घोषित कर इनका वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर को दिया जाता है।

(vii) उपभागीय ज्ञापांक–246 दिनांक–24.01.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–24.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(viii) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर, पथ निर्माण<br>विभाग, बिहार, पटना। | (राजेश कुमार गुप्ता)<br>मुख्य अभियंता, संविदा<br>प्रबंधन, नीतिगत मामले<br>एवं लेखा परीक्षा,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (अनिल कुमार सिंह)<br>अभियंता प्रमुख (मुख्यालय),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–18/2026 2400 (E) पटना, दिनांक 10/4/26

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।